Hindi | हिन्दी

यौन उत्पीड़न क्या होता है और कैसा दिखाई देता है?

यौन उत्पीड़न के मामलों में निम्नलिखित व्यवहार शामिल हो सकते हैं:

अनचाहा स्पर्श, आलिंगन या चुंबन

आपके शरीर, आपके पहनावे या आपके निजी जीवन के बारे में यौन संबंधी सवाल पूछना

आपकी अंतरंग तस्वीरों या वीडियो को आपकी सहमति के बिना साझा (शेयर) करना या साझा करने की धमकी देना



बिना सहमति के यौन वीडियो और तस्वीरें दिखाना या प्रदर्शित करना



किसी के मना करने के बावजूद भी उन्हें बार-बार डेट पर चलने के लिए पूछना

आपत्तिजनक या असहज महसूस करवाने वाली यौन टिप्पणियाँ देना या चुटकुले सुनाना

आपको सेक्स या किसी यौन क्रिया के लिए विवश करना

सेक्स या सेक्स करने संबंधी अनचाहे उपहार, तस्वीरें, वीडियो, कार्टून या चित्र भेजना



बलात्कार या यौन उत्पीड़न करना या ऐसा करने की कोशिश करना

अनुचित तरीके से आपका पीछा करना, नजर गढ़ाकर आपको देखना या आपके बहुत ही समीप आना

आपको असहज महसूस करवाने वाले तरीके से घूरना या बुरी नज़र से देखना

अपमानजनक यौन मैसेज कहना, लिखना या भेजना

अपने निजी अंगों को दिखाना या यौन इशारे करना



यदि आपको ऐसा प्रतीत होता है कि आपने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का अनुभव किया है, तो आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं। निशुल्क एवं गोपनीय रेफरल प्राप्त करने के लिए Respect@Work Information Service(रिस्पेक्ट@कार्य सूचना सेवा) से संपर्क करें। फ़ोन 1300 656 419 या ई-मेल respect@humanrights.gov.au

Australian Human Rights Commission

संदर्भ: AHRC (2023), Information Guide on the Positive Duty under the Sex Discrimination Act 1984 (Cth); AHRC (2021), Time for respect: Fifth national survey on sexual harassment in Australian workplaces; AHRC (2020), Respect at Work: National Inquiry into Sexual Harassment in Australian workplaces.